कार्यक्षेत्रीय जनपद– वाराणसी, मिर्जापुर, जौनपुर, गाजीपुर, बलिया, मऊ, आजमगढ़, चंदौली, भदोही, सोनभद्र
कार्यालय : क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, वाराणसी परिक्षेत्र, वाराणसी।
डी0–57/58, कस्तूरबा नगर, सिगरा, वाराणसी। फोन नं0 – (0542) 2221000
E-Mail Id- rheovns001@gmail.com Website-www.rheovns.co.in

पत्रांकः क्षे0का0वा0/ ——— /2019–20. दिनांक : 05/07/2019

सेवा में, *सर्वोच्च प्राथमिकता*

समस्त प्राचार्य,
राजकीय/अशासकीय सहायता प्राप्त एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालय,
क्षेत्रान्तर्गत, वाराणसी।

विषयः *प्रदेश की उच्च शिक्षण संस्थाओं के NAAC संस्था से मूल्यांकन की अद्यतन सूचना के सम्बन्ध में।*

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपर सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0, लखनऊ के पत्रांक 109/रा0उ0शि0प0/42/18, दिनांक 04.07.2019 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जो एस0डी0जी0 विजन गोल संख्या–4 के अन्तर्गत NAAC मूल्यांकन के सम्बन्ध में है।

उक्त के कम में आप सभी को निर्देशित किया जाता है कि उक्त वांछित सूचना संलग्न प्रारूप पर तैयार कर प्रत्येक दशा में दिनांक 10 जुलाई, 2019 तक अधोहस्ताक्षरी एवं अपर सचिव, उत्तर प्रदेश राज्य उच्च शिक्षा परिषद् के ई0मेल0 (rheovns001@gmail.com, upshec@gmail.com) पर अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

*संलग्नक–प्रारूप।*

भवदीय,

डॉ0(ज्ञान प्रकाश वर्मा)
क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी
वाराणसी।

*पृ0सं0: क्षे0का0वा0/ 672-73 / 2019–20, दिनांक: तद्दिनांक।*

*प्रतिलिपि– समस्त कुलसचिव, राज्य विश्वविद्यालय, क्षेत्रान्तर्गत, वाराणसी को इस आशय से प्रेषित कि उक्तानुसार कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें। प्रकरण शासन के शीर्ष प्राथमिकताओं में से है, जिसपर आपका व्यक्तिगत ध्यान अपेक्षित है।*

05-7-19

क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी
वाराणसी।

# जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया।

पत्रांकः जे0एन0सी0यू0/सा0प्र0(आर0 कैम्प)/607/2019 दिनांकः 05 जुलाई, 2019

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्राचार्य/प्राचार्या, समस्त महाविद्यालय, सम्बद्ध जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया।
2. उप कुलसचिव, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय।

(संजय कुमार)
कुलसचिव

Scanned by CamScanner

E-mail: upshec@gmail.com,
Website :www.uphed.gov.in/council

Phone : 0522-2287025
0522-4306795

# उत्तर प्रदेश राज्य उच्च शिक्षा परिषद्

619, इन्दिरा भवन, अशोक मार्ग, लखनऊ – 226001

समयबद्ध/शीर्ष प्राथमिकता

पत्रांक : 109/रा0उ0शि0प0/42/18
दिनांक 4 जुलाई, 2019

सेवा में,

समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

**विषयः प्रदेश की उच्च शिक्षण संस्थाओं के NAAC संस्था से मूल्यांकन की अद्यतन सूचना के सम्बन्ध में**

महोदय,

आप अवगत है कि प्रदेश की उच्च शिक्षण संस्थाओं में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता सुनिश्चित किये जाने हेतु शासन द्वारा विशेष बल दिया जा रहा है। यह भी अवगतार्थ है कि शासन के **एस0डी0जी0 विजन गोल संख्या–4** के एस0डी0जी0 विजन 2030 स्ट्रेटजी 2024 तथा तीन वर्षीय एक्शन प्लान (वर्ष 2017–18 से 2019–20) के प्रभावी क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण में नैक मूल्यांकन प्रक्रिया के सम्बन्ध में लक्ष्य निर्धारण हेतु आपको पत्र संख्या 468/रा0उ0शि0प0/42/18 दिनांक 28.12.2018 को (छायाप्रति संलग्न) द्वारा पूर्व में भी लिखा जा चुका है परन्तु अभी तक इस सम्बन्ध में आपके स्तर से कोई सूचना परिषद को उपलब्ध नहीं करायी गयी है।

2– अतः मुझे आपसे यह कहने की अपेक्षा की गयी है कि आपके क्षेत्रान्तर्गत आने वाले राजकीय एवं अशासकीय तथा स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों में वित्तीय वर्ष 2019–20 में नैक संस्था के समक्ष IIQA एवं SSR प्रस्तुत कर चुके महाविद्यालय की सूचना तथा Revised Accreditation Framework 2017 के अनुसार प्रक्रियाधीन महाविद्यालयों की सूची अविलम्ब भिजवाने का कष्ट करें।

यह भी अनुरोध है कि उपरोक्त सूचना संलग्न निर्धारित प्रारूप पर संकलित कर दिनांक 10.07.2019 तक उ0प्र0 राज्य उच्च शिक्षा परिषद की E-mail Id- upshec@gmail.com पर प्रेषित करने का कष्ट करें जिससे शासन को अद्यतन स्थिति से अवगत कराया जा सके। कृपया संबंधित महाविद्यालयों की सूची एवं प्राचार्य का नाम तथा मोबाईल नम्बर भी निर्धारित प्रारूप के साथ संलग्न करें। उक्त सूचना प्रत्येक माह की 10 तारीख तक अवश्य उपलब्ध कराया जाना भी सुनिश्चित करें। कृपया प्रकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान की जाय।

संलग्नकः यथोक्त।

भवदीय,

डॉ0(आर0के0 चतुर्वेदी)
अपर सचिव

पृ0सं0: – /रा0उ0शि0प0/ – / – तद्दिनांक।

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थः–

1. निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन एवं सदस्य सचिव को सदस्य सचिव महोदय के अवगतार्थ।
2. निदेशक, उच्च शिक्षा, उ0प्र0 प्रयागराज को इस आशय से प्रेषित कि वे समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारियों को अपने स्तर से निर्देशित करने का कष्ट करें।

डॉ0(आर0के0 चतुर्वेदी)
अपर सचिव

Scanned by CamScanner

E-mail: upshec@gmail.com,
Website :www.uphed.gov.in/council

Phone : 0522-2287025
0522-4306795

# उत्तर प्रदेश राज्य उच्च शिक्षा परिषद्

619, इन्दिरा भवन, अशोक मार्ग, लखनऊ – 226001

शीर्ष प्राथमिकता/समयबद्ध

पत्रांकः 468/रा0उ0शि0प0/42/18
दिनांकः 28, दिसम्बर, 2018

सेवा में,
समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

विषयः **NAAC मूल्यांकन के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर शासनादेश संख्या– 2495/सत्तर–3–2018 दिनांक 26 दिसम्बर, 2018 (प्रतिसंलग्न) का सन्दर्भ लेने का कष्ट करें। मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि माध्यमिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन द्वारा एस0डी0जी0 विजन गोल संख्या–4 के एस0डी0जी0 विजन 2030 स्ट्रेटजी 2024 तथा तीन वर्षीय एक्शन प्लान (वर्ष 2017–18 से वर्ष 2019–20) प्रभावी क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण हेतु एक वर्किंग ग्रुप का गठन किया गया है जिसमें NAAC मूल्यांकन प्रक्रिया के सम्बन्ध में लक्ष्य निर्धारित किया जाना विचारणीय है। NAAC मूल्यांकन की वर्तमान स्थिति को दृष्टिगत आगामी मार्च, 2020 तक आपके क्षेत्रान्तर्गत आने वाले महाविद्यालयों में से कितने महाविद्यालयों NAAC मूल्यांकन कराया जाना सम्भव हो सकेगा तथा कितने महाविद्यालय NAAC मूल्यांकन की पात्रता में आना सम्भावित है। कृपया उक्त के सम्बन्ध में अपेक्षित सूचना प्रत्येक दशा में दिनांक 02.01.2019 सांय 05:00 बजे तक उ0प्र0 राज्य उच्च शिक्षा परिषद की ई–मेल आई0डी0 upshec@gmail.com पर उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संलग्नकः यथोक्त।

भवदीय,

डॉ0(आर0के0 चतुर्वेदी)
अपर सचिव

Scanned by CamScanner

उत्तर प्रदेश शासन
उच्च शिक्षा अनुभाग-3
संख्या-2495 / सत्तर-3-2018
लखनऊ: दिनांक: 26, दिसम्बर, 2018

कार्यालय-ज्ञाप

तात्कालिक प्रभाव से माध्यमिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन द्वारा एस0डी0जी0 विजन गोल संख्या-4 के एस0डी0जी0 विजन 2030 स्ट्रेटजी 2024 तथा तीन वर्षीय एक्शन प्लान (वर्ष 2017-18 से वर्ष 2019-20) के प्रभावी कियान्वयन एवं अनुश्रवण हेतु शासन स्तर पर एतद्द्वारा निम्नवत वर्किंग ग्रुप का गठन किया जाता है :-

| | | |
|---|---|---|
| 1 | श्री मनोज कुमार, विशेष सचिव, उच्च शिक्षा विभाग | अध्यक्ष |
| 2 | डा0 आलोक श्रीवास्तव, प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय पिहानी, हरदोई | नोडल अधिकारी |
| 3 | डा0 आर0के0 चतुर्वेदी, अपर सचिव, उ0प्र0 राज्य उच्च शिक्षा परिषद, लखनऊ | सदस्य |
| 4 | श्री संजय कुमार दिवाकर, उप निदेशक, राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान, राज्य परियोजना निदेशालय, लखनऊ | संयोजक |

2- उक्त के कम में अग्रेतर यह भी उल्लेखनीय है कि आवश्यकतानुरूप कुलसचिव, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ तथा अन्य विशिष्ट सदस्यों को आमंत्रित करते हुए वर्किंग ग्रुप में सम्मिलित कर लिया जायेगा।

डा0 अनिता भटनागर जैन
अपर मुख्य सचिव।

संख्या-2495 (1)/सत्तर-3-2018-तद्दिनांक-

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
2- निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, माध्यमिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
3- निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन।
4- निजी सचिव, विशेष सचिव (श्री नरेन्द्र शंकर पाण्डेय/श्री मनोज कुमार/ श्रीमती मधु जोशी), उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
5- निदेशक, उच्च शिक्षा, उ0प्र0, प्रयागराज।
6- संयुक्त सचिव (श्री श्रवण कुमार सिंह/डा0 अमित भारद्वाज), उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
7- उप सचिव/समस्त अनु सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
8- सम्बन्धित अधिकारीगण।
9- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
(हरेन्द्र कुमार सिंह)
अनु सचिव।

27/12/18

Scanned by CamScanner

प्रारूप

## क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी के क्षेत्रान्तर्गत आने वाले महाविद्यालय (राजकीय, अशासकीय एवं स्ववित्तपोषित) के नैक मूल्यांकन की अद्यतन सूचना

| क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी कार्यालय का नाम | राजकीय महाविद्यालय | | | | | अशासकीय महाविद्यालय | | | | | स्ववित्त पोषित महाविद्यालय | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | कुल राजकीय महाविद्यालयों की संख्या | NAAC से मूल्यांकित हो चुके राजकीय महाविद्यालयों की संख्या | शेष राजकीय महाविद्यालयों की संख्या | वित्तीय वर्ष 2019–20 में IIQA Submit कर चुके एवं करने जा रहे महाविद्यालयों की संख्या | वित्तीय वर्ष 2019–20 में SSR Submit कर चुके एवं करने जा रहे महाविद्यालयों की संख्या | कुल अशासकीय महाविद्यालयों की संख्या | NAAC से मूल्यांकित हो चुके अशासकीय महाविद्यालयों की संख्या | शेष अशासकीय महाविद्यालयों की संख्या | वित्तीय वर्ष 2019–20 में IIQA Submit कर चुके एवं करने जा रहे महाविद्यालयों की संख्या | वित्तीय वर्ष 2019–20 में SSR Submit कर चुके एवं करने जा रहे महाविद्यालयों की संख्या | कुल स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों की संख्या | NAAC से मूल्यांकित हो चुके स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों की संख्या | शेष स्ववित्त पोषित महाविद्यालयों की संख्या | वित्तीय वर्ष 2019–20 में IIQA Submit कर चुके एवं करने जा रहे महाविद्यालयों की संख्या | वित्तीय वर्ष 2019–20 में SSR Submit कर चुके एवं करने जा रहे महाविद्यालयों की संख्या |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 |
| | | | | | | | | | | | | | | | |
| योग– | | | | | | | | | | | | | | | |

दिनांकः

क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी के
हस्ताक्षर एवं मुहर

Scanned by CamScanner